एक नजर में

जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप की साधारण सभा

इंदौर. जैन श्वेताम्बर सोशल ग्रुप इंदौर की मासिक साधारण सभा को रॉयल आर्किड रिसॉर्ट पर आयोजित की गई. अध्यक्ष सुरेश देशलेहरा ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि अभी तक 298 हेल्थ केम्प लगा चुके हैं. आगे भी केम्प लगाते रहेंगे. निवृत्तमान अध्यक्ष चन्द्रकुमार फत्तेपुरिया ने आगामी ग्रुप यात्रा अभय प्रभावना लोनावाला जाने की विस्तृत जानकारी दी. सदस्यों के समक्ष इंदौर के ख्यात बांसुरी वादक हर्षवर्धन लिखिते के ग्रुप द्वारा पुराने सुमधुर फिल्मी गीतों की प्रस्तुति सचिन दवे एवं आशाजी निसरगंध द्वारा दी गई. सभा का संचालन सचिव अरविन्द चौधरी ने किया. ग्रुप के पदाअधिकारी अशोक कुमार सोजतिया, प्रकाश काकरिया, महेश डाकोलिया, सुरेश गोखरु, जितेन्द्र पारख, खुपचंद गौटावाला आदि उपस्थित थे. पारस कटारिया द्वारा नारायण सेवा संस्थान उदयपुर को कृत्रिम अंग लगाने में, सहरानी सहयोग दिया. आभार प्रदर्शन मानव सेवा प्रभारी अनोखिलाल जैन द्वारा व्यक्त किया गया.

योग दिवस पर जुटेगा योग साधकों का मेला

इंदौर. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन एवं चमेलीदेवी योग केन्द्र के संयुक्त तत्वावधान में इस बार भी 21 जून को सुबह 6 बजे से रेसकोर्स रोड स्थित अभय प्रशाल पर योग के विराट आयोजन में अनेक जानी-मानी हस्तियां और शहर के ढाई हजार से अधिक योग प्रेमी शामिल होंगे. अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर यह लगातार तीसरा समागम होगा. आयोजन की व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो चुकी हैं. बालाजी सेवार्थ विनोद अग्रवाल फाउंडेशन और चमेली देवी योग केन्द्र से जुड़े साधकों की एक बैठक बुधवार को यशवंत निवास रोड स्थित कार्यालय पर समाजसेवी विनोद अग्रवाल एवं प्रेमचंद गोयल के सानिध्य में संपन्न हुई. बैठक में 21 जून को होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों पर व्यापक चर्चा और विचार-मंथन किया गया . बैठक में श्रीमती वंशिका तपन अग्रवाल, योगाचार्य मनोज गर्ग, शिविर संयोजक किशोर गोयल, राजेश बंसल, अभिषेक पारीख, प्रवीण मिश्रा, श्रीमती आशा बी. जैन, राजू यादव, मनोज जैन सहित योग से जुड़े अनेक बंधु उपस्थित थे. बैठक में शहर के विभिन्न सरकारी, गैर सरकारी एवं धार्मिक, सामाजिक संगठनों को प्रतिनिधित्व देते हुए यह आकर्षक आयोजन होगा। गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी योग के प्रति जन साधारण को जोड़ने के उद्देश्य से अनेक आकर्षक स्पर्धाओं और विजेताओं के लिए पुरस्कार की योजना पर भी विचार-मंथन किया गया, जिन पर अगली बैठक में अंतिम निर्णय लिया जाएगा.

एयरटेल ने ओटीटी एंटरटेनमेंट पैक किया लॉन्च

इंदौर. भारत के प्रमुख टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक भारती एयरटेल (एयरटेल) ने प्रीपेड ग्राहकों के लिए नया और अनोखा एंटरटेनमेंट पैक लॉन्च किया है. इस पैक के ज़रिए यूज़र्स को नेटफ्लिक्स, जियोहॉटस्टार, ज़ी5, सोनीलिव सहित 25 से ज़्यादा टॉप ओटीटी प्लेटफॉर्म्स का एक्सेस मिलेगा। भारत में एयरटेल इकलौती ऐसी टेलीकॉम कंपनी है जो इतना व्यापक ओटीटी एंटरटेनमेंट अनुभव दे रही है. यह सेवा 279 रुपए की आकर्षक प्रारंभिक कीमत पर उपलब्ध है, जिसकी वैधता 1 महीने की होगी. इस पैक में कुल 750 कुरए मूल्य तक की पॉपुलर स्ट्रीमिंग सेवाओं का एक्सेस मिलेगा. इसके साथ ही कंपनी ने 598 रुपए की कीमत पर एक और प्रीपेड डेटा पैक भी पेश किया है जिसमें अनलिमिटेड 5जी डेटा, अनलिमिटेड कॉल्स और अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट एक्सेस भी शामिल है, जिससे यूज़र्स को बिना किसी रुकावट के मनोरंजन का लुत्फ़ मिलेगा.

फ्लैगशिप किलर रियलमी जीटी 7 सीरीज़ लॉन्च

इंदौर. भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने आज भारत में अपनी रियलमी जीटी 7 सीरीज़ पेश की. यह लॉन्च पेरिस में इसके ग्लोबल लॉन्च के साथ किया गया है. इस सीरीज़ का मुख्य आकर्षण रियलमी जीटी 7 ड्रीम एडिशन है, जो एस्टन मार्टिन फॉर्मुला वन टीम के साथ मिलकर बनाया गया है. यह एएमएफ1 के साथ को-ब्रांडिंग वाला पहला आधिकारिक स्मार्टफोन है. रियलमी जीटी 7 सीरीज़ में अनेक अत्याधुनिक फीचर्स और परफॉर्मेंस अपग्रेड दिए गए हैं. रियलमी के प्रवक्ता ने कहा रियलमी जीटी 7 सीरीज़ के साथ हम 2025 में फ्लैगशिप किलर की परिभाषा को फिर से परिभाषित कर रहे हैं. अनुज सिद्धार्थ, डायरेक्टर, मार्केटिंग एवं कॉर्पोरेट कम्युनिकेशंस, मीडियाटेक ने कहा, जीटी 7 के लिए रियलमी के साथ हमारा सहयोग फ्लैगशिप इनोवेशन को भारतीय ग्राहकों तक पहुँचाने की हमारी प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है. भारत में मीडियाटेक डायमेंसिटी 9400ई के साथ पहले स्मार्टफोन के रूप में यह लॉन्च भारत पर केंद्रित हमारे दृष्टिकोण की एक बड़ी कामयाबी है।

लिम्का ने पार किया 2800 करोड़ रूपए का आंकड़ा

इंदौर. कोका-कोला इंडिया के लोकप्रिय देशी पेयलिम्काकने वर्ष 2024 में 2800 करोड़ रुपयेका आंकड़ा पार कर लिया है. भारतभर में दमदार प्रदर्शन के साथ इसनेलेमन-लाइम कैटेगरीको नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है. लिम्का पिछले पांच दशकों से गर्मियों में ताजगी का पर्याय बना हुआ है. इसके बादलों जैसे बुलबुले और अनोखेलाइम-एन-लेमनी स्वादने इसे हर उम्र के लोगों की पसंद बना दिया है. डेवलपिंग मार्केट्स, कोका-कोला इंडिया एंड साउथवेस्ट एशिया में फ्रैंचाइज़ ऑपरेशंस के वाइस प्रेसिडेंट विनय नायर ने कहा हमारा उद्देश्य हमेशा से ऐसे ब्रांड बनाना रहा है जो सिर्फ एक उत्पाद नहीं, बल्कि लोगों की रोज़मर्रा की ज़िंदगी और उनकी साझा यादों का हिस्सा बनें. लिम्का की कहानी फिर से उभरने, खुद को नए सिरे से गढ़ने और उत्कृष्टता की खोज की कहानी है. हमारी सफलता की बुनियाद एक सीधी लेकिन असरदार रणनीति पर टिकी है, उपभोक्ताओं की बदलती ज़रूरतों के हिसाब से उत्पाद बनाना, शहरी और ग्रामीण भारत में वितरण बढ़ाना और ऐसे मार्केटिंग अभियान चलाना जो जुनून और उद्देश्य को जोड़ते हों.

होम कूज़ीना ने किया लॉन्च 'फैमिली रेसिपी कॉन्टेस्ट'

इंदौर. होम कूज़ीना, एक घरेलू ब्रांड, जो होम शेफ्स की ओर से लजीज फैमिली रेसिपी पेश करने के लिए मशहूर है, अब लाया है, 'फैमिली रेसिपी कॉन्टेस्ट'. ब्रांड इस कॉन्टेस्ट के लिए आपसे अपने परिवार की पसंदीदा रेसिपी और विशेष मसालों को आमंत्रित कर रहा है. भारत की पाक विरासत का उत्सव मनाते हुए, यह कॉन्टेस्ट देश भर के होम शेफ्स को अपने परिवार के प्रिय मसाला मिक्सेज साझा करने आमंत्रित करता है. इस रेसिपी कॉन्टेस्ट में जीतने वाले मसाले को होम कूज़ीना पर बिक्री के लिए सूचीबद्ध किया जाएगा, जिससे विजेता परिवार का चहेता मसाला पूरे देश में पहुँचेगा. कॉन्टेस्ट के बारे में अनीता साहू, फाउंडर एवं सीईओ, होम कूज़ीना, ने कहा होम कूज़ीना में हमारा विश्वास है कि खाने का सबसे भावपूर्ण स्वाद रेस्टोरेंट्स में नहीं मिलता, बल्कि पारिवारिक रसोईयों में मिलता है, जहाँ होम शेफ खाना प्यार से पकाते हैं. होम कूज़ीना का हर उत्पाद परिवारों द्वारा संजोकर रखी गई रेसिपी से प्रेरित है, जो प्यार से हर पीढ़ी द्वारा अपनी अगली पीढ़ी को सौंप दी जाती है.

मेट्रो के पहले स्टेशन का नाम मां अहिल्या टर्मिनल होगा : विजयवर्गीय

▸ मेट्रो में पहली यात्रा सिर्फ महिलाओं के लिए - कलेक्टर

नवभारत न्यूज

इंदौर. इंदौर मेट्रो का लोकार्पण 31 मई को होने जा रहा है. प्रधानमंत्री भोपाल से मेट्रो का वर्चुअल शुभारंभ करेंगे. देवी अहिल्याबाई होलकर की 300 वीं जयंती के मौके पर इंदौर मेट्रो सेवा की पहली यात्रा सिर्फ महिलाओं के लिए होगी. नगर निगम द्वारा मेट्रो रेल सेवा लोकार्पण समारोह का लाइव प्रसारण राजबाड़ा पर एलईडी स्क्रीन लगाई जा रही है.

इंदौर मेट्रो रेल सेवा का लोकार्पण करने की तैयारियां अंतिम दौर में है. 31 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री मोहन यादव भोपाल से वर्चुअल शुभारंभ करेंगे. मेट्रो के शुभारंभ को लेकर आज मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने गांधी नगर स्टेशन का दौरा किया. विजयवर्गीय ने बताया कि 31 मई को देवी अहिल्या बाई होलकर की जयंती है, इसलिए मेट्रो के पहले स्टेशन का नाम मां अहिल्या टर्मिनल रखा जाएगा. विजयवर्गीय ने आज मीडिया को जानकारी देते हुए कहा महिला सशक्तिकरण को लेकर प्रधानमंत्री देवी अहिल्याबाई होलकर के जयंती पर महिलाओं संबोधित करेंगे. उन्होंने कहा कि इसी तरह हर टर्मिनल का नाम किसी महापुरुष के नाम पर किया जाएगा.

राजवाड़ा पर लाइव प्रसारण देख सकेंगे नागरिक

इंदौर में मेट्रो ट्रेन का शुभारंभ समारोह देखने के लिए नगर निगम द्वारा राजवाड़ा पर बड़ी एलईडी स्क्रीन लगाई जाएगी . नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने बताया कि शहर नागरिक लोकार्पण समारोह को देख सके, इसलिए स्क्रीन लगाई जा रही है . भोपाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा लोकार्पण समारोह और गांधीनगर में शुरू होने वाली पहली मेट्रो सेवा का लाइव प्रसारण किया जाएगा .

पहली यात्रा सिर्फ महिलाओं के लिए

मेट्रो रेल सेवा शुरू होने की तैयारियों के संदर्भ में कलेक्टर आशीष सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री महिला सशक्तिकरण के लिए अहिल्या बाई होलकर के नाम पर कार्यक्रम कर रहे है . इसलिए मेट्रो लोकार्पण के बाद गांधीनगर स्टेशन से रवाना होने वाली पहली मेट्रो ट्रेन का संचालन महिलाएं ही करेंगी . कार्यक्रम में भी महिलाएं उपस्थित रहेगी . साथ ही पहली यात्रा भी सिर्फ महिलाओं की ही होगी .

अचल संपत्ति की नोटरी पर कलेक्टर ने लगाया प्रतिबंध

भारतीय नागरिक सुरक्षा अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

नवभारत न्यूज

इंदौर. शहर में अचल संपत्ति की नोटरी पर कलेक्टर ने रोक लगा दी है. साथ ही नोटरी करने वाले वाले के खिलाफ बीएनएस की धारा में प्रकरण दर्ज कर लाइसेंस निरस्त की कारवाई के जाएगी.

कलेक्टर आशीष सिंह ने आज जिले की राजस्व सीमा में 100 रुपए या उससे अधिक राशि के स्टांप नोटरी करने पर प्रतिबंध लगा दिया है. यह प्रतिबंध 28 मई से 25 जुलाई तक प्रभावी रहेगा। कलेक्टर सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163(1)(2) के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए हैं. यदि किसी नोटरी द्वारा ऐसा कृत्य किया जाता है तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत प्रकरण दर्ज करने के साथ ही नोटरी लायसेंस को निरस्त किया जाएगा. कलेक्टर सिंह ने उक्त आदेश इसलिए जारी किए है कि कुछ लोगों द्वारा अचल सम्पत्ति को रजिस्ट्री के आधार पर क्रय-विक्रय न करते हुए नोटरी के आधार पर क्रय-विक्रय किया जा रहा है. इस तरह से छल-कपट में भोली-भाली जनता, जिन्हें नियम कानूनों का ज्ञान नहीं है फंस जाते है और धोखाधड़ी का शिकार होते हैं.

कलेक्टर ने कहा कि इस प्रकार के नोटरी के आधार पर पंजीकृत दस्तावेजों का कोई कानूनन अस्तित्व नहीं होने से अनावश्यक कठिनाईयां पैदा होती है। कई बार देखने में आता है कि व्यक्ति अपनी जीवन की पूरी कमाई या कर्ज आदि लेकर अचल सम्पत्ति क्रय करते हैं. उसकी व पैसे बचाने के लालच में रजिस्ट्री की बजाय नोटरी के आधार पर अचल सम्पत्ति क्रय कर लेते है. उक्त कृत्य से शासन को राजस्व की हानि होती है, दूसरी ओर इस प्रकार के दस्तावेजों का कोई वैधानिक अस्तित्व नहीं होने से क्रेता को मालिकाना हक नही मिलता है. नोटरी के दस्तावेज से अवैध कॉलोनियों को बढ़ावा मिलता है। किसी भी प्रकार का विकास कार्य नहीं होता और जनता परेशान होती है. खरीददार कोर्ट में मालिकाना हक प्राप्त करने के लिए प्रकरण दर्ज करवाता है और फिर आर्थिक, शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान होता है.

पंजीकरण नियमों में स्पष्ट है कि 100 रूपये व उससे अधिक की किसी भी अचल सम्पत्ति के क्रय-विक्रय हेतु केवल विधिवत रजिस्ट्री ही मान्य है, नोटरी किसी भी स्थिति में मान्य नहीं है . कलेक्टर ने सभी वरिष्ठ जिला पंजीयक, जिला पंजीयक, वरिष्ठ उप पंजीयक, उप पंजीयक, सभी एसडीएम, तहसीलदार पुलिस थाना प्रभारी एवं वरिष्ठ अधिकारी, उक्त आदेश का पालन करने के निर्देश दिए हैं .

दस हजार से अधिक भक्त पहुंचे गजासीन धाम

इंदौर . उषा नगर स्थित गजासीन शनिधाम पर दो दिवसीय शनि जयंती महोत्सव डॉ. दादू महाराज के सानिध्य में आयोजन हुआ, जिसमें दस हजार से अधिक भक्त शनि धाम पहुंचे .

मंदिर को आकर्षक विद्युत के साथ फूलों से सजाया गया साथ ही 500 किलो बासमती चावल, 600 किलो शक्कर, 500 किलो आटा, 25 तेल के डिब्बे के साथ शनि देव का श्रृंगार किया गया . सामग्री का उपयोग भक्त मंडल की प्रसादी के लिए उपयोग में किया जाएगा . रात 8 बजे पालकी यात्रा मंदिर से प्रारंभ होकर उषा नगर क्षेत्र में भ्रमण कर पुनः मंदिर परिसर पहुंची तत्पश्चात महाआरती की गई .साथ ही भजन संध्या का आयोजन भी शुरू हुआ, जिसमें अनेक सुप्रसिद्ध गायकों ने अपनी हाजरी लगाई. ई चमक ई दमक भजन फेम पं. सुधीर व्यास, गीतेश भार्गव, विजय बेगडे, सौरभ लाडला व शीतल होलकर (ऑक्टोपेड) लोकेश उपाध्याय (ढोलक), चेतन (तबला), संजय गौहर (बैंजो) द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी गई. संचालन पप्पू हार्डिया ने किया . इस अवसर पर महापौर पुष्यमित्र भार्गव, विधायक गोलू शुक्ला, पार्षद हरप्रीत कौर लूथरा, पार्षद योगेश गेंदर, महंत तुकाराम महाराज, महंत प्रकाश महाराज, कथा वाचक मोहन भाई, सरपंच कमल धनगर, अर्चना जायसवाल, प्रताप तोलानी आशीष साहू, संजय अग्रवाल, संदीप अंबेकर, नवीन मंडलोई, नानेश तायड़े उपस्थित थे .

बायपास से सिटी फॉरेस्ट तक लिंक रोड का भूमिपूजन

▸ महापौर एवं विधायक ने किया भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

इंदौर. नगर निगम द्वारा आज मास्टर प्लान की 23 सड़कों में से एक महत्वपूर्ण सड़क निर्माण कार्य शुरू किया. महापौर और क्षेत्रीय विधायक ने करीब 30 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली 100 सौ फीट चौड़ी सड़क का भूमिपूजन किया. उक्त सड़क बायपास होटल प्राइड से आईडीए द्वारा निर्मित सिटी फारेस्ट तक करीब ढाई किलोमीटर लंबी बनेगी.

महापौर पुष्यमित्र भार्गव एवं विधायक मधु वर्मा, एमआईसी सदस्य राजेंद्र राठौर, पार्षद सीमा सोलंकी ने नगर निगम द्वारा बनाई जा रही सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया. उक्त सड़क मास्टर प्लान की सड़क है. मास्टर प्लान में यह सड़क लगभग 2.40 किलोमीटर लंबी और 30 मीटर चौड़ी सड़क प्रस्तावित है. सड़क निर्माण कार्य में आधुनिक तकनीक 6-लेन सेमी-डिजिटल सेंसरिंग, सेंट्रल मीडियन, स्ट्रीट लाइटिंग, स्टॉर्म वाटर लाइन और इलेक्ट्रिक लाइन शिफ्टिंग जैसी सुविधाएं शामिल हैं. महापौर पुष्यमित्र भार्गव ने कहा कि लिंक रोड के निर्माण से प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत निर्मित आवासीय कॉलोनियों और आसपास के क्षेत्रों की कनेक्टिविटी में सुधार होगा.

सड़क निर्माण की जानकारी

कुल लंबाई : 2.40 किलोमीटर
कुल चौड़ाई : 30 मीटर (100 फिट)
अनुमानित लागत : 29.52 करोड़ रुपए

माहेश्वरी संस्कृति को सहेजने की समाज जनों ने ली शपथ

▸ माहेश्वरी प्रीति क्लब की अनूठी पहल

नवभारत न्यूज

इंदौर. महेश जयंती के उपलक्ष में चल रहे कार्यक्रमों के तहत माहेश्वरी समाज पूर्वी क्षेत्र द्वारा आयोजित महेश नवमी के पूर्व सांस्कृतिक संध्या एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें समाज की कई संस्थाओं ने अपनी प्रस्तुति दी.

सबसे पुरानी एवं प्रतिष्ठित 142 युगल दम्पत्ति सदस्यों की संस्था माहेश्वरी प्रीति क्लब की और से अध्यक्ष मुकेश संगीता कचोलिया एवं सचिव विजय विजयाजी न्याती द्वारा सर्व प्रथम प्रस्तुति दी गई. प्रचार सचिव अजय राठी ने बताया कि विजयाजी न्याती द्वारा बनाई गई प्रभावी ऑडियो वीडियो प्रेजेंटेशन के माध्यम से समाज के इतिहास के बारे में जानकारी दी गई. साथ उनके द्वारा समाज के गौरव को संजोने की तैयार की गई शपथ भी दिलाई गई, जिसमें सभा में उपस्थित लोगों ने अपने दिल पर हाथ रख कर गर्व महसूस किया और माहेश्वरी संस्कृति व विरासत को सदा संजोने व सहेजने की शपथ ली.

इस सांस्कृतिक संध्या में अखिल भारतीय माहेश्वरी महासभा क पूर्व सभापति श्यामसुंदर सोनी नागपुर, राजकुमार काल्या गुलाबपुरा, मनासा से विधायक अनिरुद्ध मारू, चिमूर (चंद्रपुर) से विधायक कीर्ति भांगड़िया पूर्वी क्षेत्र के अध्यक्ष संजय मानधन्या, मंत्री राजेश लखोटिया, माहेश्वरी समाज के अध्यक्ष रामस्वरूप धूत स्वागत अध्यक्ष गोविन्द बेड़ियां, समन्वयक प्रदीप इनानी आदि उपस्थित थे .

गौ माता को छप्पन भोग लगाया, किया पूजन

नवभारत न्यूज

इन्दौर. बुधवार को भगवान महेश के वंशज गुमाश्ता नगर तिरूपति बालाजी मंदिर स्थित गौ शाला पहुंचे, जहां उन्होंने गौ माता का पूजन कर गौ ग्रास सहित छप्पन भोग समर्पित किए. इस दौरान माहेश्वरी दंपत्तियों ने गौ संरक्षण का संकल्प भी लिया.

श्री बालाजी क्षेत्र माहेश्वरी समाज समन्वयक अजय सारड़ा अध्यक्ष अनिल काकाणी एवं मंत्री रितेश राठी ने बताया कि अलसुबह गौ शाला में पहुंचे माहेश्वरी दंपत्तियों ने विद्वान पंड़ितों के सान्निध्य एवं समाज बंधुओं की मौजूदगी में गौ माता का पूजन कर गौ संरक्षण का संकल्प लिया. इस दौरान उन्होंने गौवंश को विभिन्न प्रकार की सब्जियां, फल व गौ ग्रास का भोग समर्पित किया. गौ माता के संरक्षण व गौ शाला के विकास कार्यों के लिए 51 हजार रुपए की राशि भी माहेश्वरी दंपत्तियों ने भेंट की. गौ सेवा अन्नकूट महोत्सव के मुख्य यजमान रितेश राठी एवं गोविंद बेडिया परिवार थे. महेश नवमी पर आयोजित सेवा कार्य के दौरान संपत धूत, रोहन सोमानी, रजत बेडिया, बसंत खटोड़, अमित बंसाली, संघर्ष मुंगड़, राम लड्ढ़ा, निलेश भूतड़ा, राजा झंवर, राहुल मानधन्या, माधुरी सोमानी, नितिन बांगड़, नारायण अगाल, तरूण भंडारी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

समन्वयक अजय सारड़ा ने बताया कि महेश नवमी महोत्सव में माहेश्वरी समाज सहित 9 क्षेत्रों के माहेश्वरी बंधु द्वारा अलग-अलग धार्मिक, सामाजिक व परमार्थ कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं . बुधवार को माहेश्वरी दंपति शहर की तीन अलग-अलग गौ शाला में पहुंचे जहां गौ माता का पूजन कर सेवा कार्य किए गए .

हरिधाम आश्रम पर मनाई शनि जयंती

▸ सैकड़ों भक्तों ने किया सुंदरकांड पाठ

इंदौर. हवा बंगला, कैट रोड स्थित हरिधाम आश्रम पर शनि जयंती के उपलक्ष्य में संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन महंत शुकदेव दास महाराज के सानिध्य में किया गया. इस अवसर पर हरिधाम परिसर स्थित शनिदेव की प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार कर अभिषेक भी किया गया.

आश्रम समिति के अध्यक्ष डॉ. सुरेश चौपड़ा एवं विजयसिंह राणा ने बताया कि हरिधाम रामायण मंडल के सदस्यों, डॉ. कमलेश गर्ग, सुरेश बजाज, सीतारम नरेड़ी, ओमप्रकाश अग्रवाल, विजयसिंह राणा, अनिल जैन, गुमान सिंह ठाकुर, सुधीर अग्रवाल, राघवेन्द्रसिंह बैस आदि ने अपनी मनोहारी प्रस्तुतियों से सैकड़ों भक्तों को देर रात तक बांधे रखा. इस अवसर पर आश्रम स्थित हनुमानजी की प्रतिमा का भी दिव्य श्रृंगार किया गया. इसके पूर्व सुबह से देर रात तक मंदिर पर शनिदेव के दर्शनार्थ भक्तों का मेला जुटा रहा.

समारोह | देवी अहिल्याबाई के जीवन पर केन्द्रित कवितायें भी सुनाई

राष्ट्रीय कवि सत्तन देवी अहिल्या नगर गौरव सम्मान से सम्मानित

इंदौर. गरिमामय समा रोह में राष्ट्रीय कवि एवं कुशल संचालक सत्य नारायण सत्तन को देवी अहिल्या बाई नगर गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया. मध्य प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष नरेंद्रसिंह तोमर, विधायक मालिनी गौड और विधायक उषा ठाकुर ने श्री सत्तन को एक लाख एक हजार एक सौ एक रुपये की सम्मान निधि, मालवी पगडी ,देवी अहिल्या की मूर्ति और मानपत्र देकर सम्मानित किया. इस मौके पर पूर्व लोकसभा अध्यक्ष सुमित्रा महाजन, संस्कृतिकर्मी जयंत भिसे, पूर्व विधायक सुदर्शन गुप्ता, विशेष रुप से उपस्थित थे.

अपने मुख्य संबोधन मे श्री तोमर ने कहा कि न्यायप्रियता को अपने अंदर अंगीकार करना आज के वक्त की आवश्यकता हैं. देवी अहिल्याबाई होलकर को हम जितना पढेंगे, हमारी हमारे राष्ट्र के प्रति रुचि अधिक जागृत होगी. देवी अहिल्या के जीवन से शासन, सुशासन और न्यायप्रियता जैसी कई चीजें सीखी जा सकती हैं. जीवन यात्रा को सुखदायी और समृद्ध भी बना सकते हैं. सत्तन गुरु वो हैं जिन्हें शब्दों में नहीं बांधा जा सकता. सत्यनारायण सत्तन मां हिन्दी के सेवक हैं, जिन्होंने न केवल इंदौर में वरन पूरे भारत में नाम किया.

सत्यनारायण सत्तन ने कहा कि लघुता से ही प्रभुता आती हैं. मां अहिल्या की मुझ पर बहुत कृपा हैं कि सतत 60 वर्षो में जिस भी कार्य को हाथ लगाया उसे अधूरा नहीं छोड़ा. कार्य हमेशा मन की निष्ठा के साथ करो. आप जैसा काम करोगे, फल वैसा ही प्राप्त होगा. जीवन में जो भी कमाया कविता पाठ करके ही कमाया, लोगों को नि:शुल्क विद्यादान देकर लोगों की सेवा की. राजनीति के दौरान लोगों ने अलोचना भी की, पर जीवन में विपक्ष भी उतनी ही जरुरी हैं जितना शरीर को श्वास की. आज यह पगडी पाकर मेरे सिर का मान बढा हैं.

देशभक्ति की कविताएं सुनाई

इस दौरान श्री सत्तन ने जनता की फरमाईश पर देशभक्ति और देवी अहिल्याबाई के जीवन पर केन्द्रित कवितायें भी सुनाई. इस अवसर पर वीर रस के लोकप्रिय कवि प्रख्यात मिश्रा का राष्ट्रीय काव्य पाठ हुआ. उन्होंने अयोध्या में नवनिर्मित रामलला के मन्दिर पर केंद्रित रचना पाठ किया. श्रोताओं की फरमाइश पर देश भक्ति और राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत कविताएँ सुनाकर समा बांध दिया. अतिथि स्वागत सुनील मतकर, मन्वेंदू तृवेदी, डॉ. योगेंद्र नाथ शुक्ल, प्रदीप ने किया. होलकरकालीन परम्परा के अनुसार अनिता मतकर, अर्पणा मतकर, वंदना लालगे ने सम्मान मूर्ति की आरती की. विधायक सुश्री उषा ठाकुर, सुनील मतकर और जयंत भिसे ने प्रतीक चिन्ह प्रदान किये. संचालन राजीव झालानी ने किया. आभार माना सुनील मतकर ने. कार्यक्रम में बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे.